# योगी सरकार में बढ़ा व्यापार, निवेश

## आईएफएस अफसरों के साथ संवाद सत्र में बोले पीएचडीसीसीआई के सदस्य

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी में आए परिवर्तन से व्यापार, निवेश को बढ़ावा मिला है। पीएचडी हाउस में उप्र. राज्य चैप्टर, पीएचडीसीसीआई सदस्यों की ओर से बृहस्पतिवार को आयोजित संवाद सत्र में यह चर्चा हुई।

यूपी स्टेट चैप्टर के पीएचडीसीसीआई के क्षेत्रीय निदेशक अतुल श्रीवास्तव ने उद्योग सदस्यों के लिए व्यवसाय विविधीकरण के महत्व पर प्रकाश डाला। जोर दिया कि सदस्यों को हर क्षेत्रों में निवेश के अवसर के साथ आगे आकर सरकार के संग काम करना चाहिए। ।



संवाद सत्र में बृहस्पतिवार को अफसरों से चर्चा करते पीएचडीसीसीआई के सदस्य। -संवाद

उन्होंने कहा, वर्ष 2027 तक वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था हासिल करने के उद्देश्य को पूरा करने का लक्ष्य है। पीएचडीसीसीआई के उद्योग सदस्यों के बीच आंतरिक सामंजस्य को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। चर्चा के दौरान दीप्ति गंजी, आशीष शर्मा, विदेश मंत्रालय के निदेशक डॉ. बसीर अहमद, सुधि चौधरी, राज कमल, विनय कुमा, आशीष गुप्ता, आनंद प्रकाश, जय सिंह, शिव सागर आदि थे।